निबंधन एवं शर्तें

तकनीकी अधिकारी (निगरानी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. एनटीईपी के कार्यान्वयनकों, प्रबंधकों तथा हितधारकों के अद्यतन डाटाबेस का रखरखाव करना और राष्ट्रीय कार्यक्रमों का समन्वय करना।
2. निक्षय सहित नेमी रोग निशौगरानी चैनलों के रखरखाव में केंद्रीय क्षयरोग प्रभाग की सहायता करना।
3. क्षय रोग और उससे संबंधित रोगों के बारे में विशेष सर्वेक्षण कर रहे राष्ट्रीय संस्थानों और एजेंसियों के साथ किए जा रहे सहयोग में केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग की मदद करना।
4. राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, जनसांख्यिकीयों, विशेष आबादियों, प्रवास, क्षयरोग के सामाजिक आर्थिक निर्धारकों, परिचर्या लागत, क्षय रोग प्रबंधन, परिपाटियों तथा शहरों परिचर्या की पहुंच के संबंध में जानकारी को अद्यतन करना।
5. नेमी निगरानी संबंधी आंकड़ों और गुणवत्ता आश्वासन का वैधीकरण।
6. निगरानी आंकड़ा स्रोतों के लिए फीडबैक उपलब्ध कराने में केंद्रीय क्षयरोग प्रभाग को सहायता करना।
7. निगरानी अधिसूचना प्रक्रिया में क्षय रोग अधिसूचना के लिए राज्य/जिला नोडल अधिकारियों के साथ सहयोग करना।
8. संगठन के साथ सहयोग करना तथा सीटीडी सचिवालय में विभिन्न भागीदारों/हितधारकों, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित करना।
9. अनिवार्य क्षयरोग अधिसूचना के संबंध में भारत सरकार तथा कार्यक्रम के हितधारकों की रिपोर्टों का संकलन करना।
10. संबंधित आंकड़ा प्रविष्टि, वैधीकरण के लिए आईसीटी एवं निक्षय टूल्स के उपयोग के संबंध में परिवर्तन प्रबंध एवं जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए इसका उपयोग करने में सहायता करना।
11. कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

अनिवार्य योग्यता/अपेक्षाएं:

भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी संस्थान से एमबीबीएस अथवा समकक्ष डिग्री, अनिवार्य क्रमावर्ती प्रशिक्षुता पूरी की हो। अथवा जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रशासन/जानपदिक रोग विज्ञान/सांख्यिकी में मास्टर डिग्री

अधिमान योग्यता/कौशल:

जन स्वास्थ्य में 5 वर्ष का अनुभव।

रिपोर्टिंग अधिकारी:

एडीडीजी-टीबी - तकनीकी अधिकारी (निगरानी) के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:

65 वर्ष तक तथा व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए।

पारिश्रमिक:

पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- रु. से 1,30,000/- प्रति माह के बीच।

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।